Chapter- 5

# चार वर्णों वाले शब्द

## STUDY NOTES

- **शब्द:** जब कई वर्ण एक दूसरे के साथ मिलकर नया अर्थ प्रदान करता है तब वह शब्द कहलाता है। शब्द कई प्रकार के होते हैं।

- **दो वर्णों वाले शब्द -** दो वर्णों के मेल से बनने वाले शब्दों को दो वर्णों वाले शब्द कहते हैं।
  जैसे – नल, कल, जल

- तीन **वर्णों वाले शब्द -** तीन वर्णों के मेल से बनने वाले शब्दों को तीन वर्णों वाले शब्द कहते हैं।
  जैसे – कमल, नगर, नमक

- दो वर्णों वाले शब्द एवं तीन वर्णों वाले शब्द हम पढ़ चुके हैं, अब हम पढेंगें चार वर्णों वाले शब्द। चार वर्णों वाले शब्द कहने से हम चार वर्णों के मेल से बनने वाले शब्दों को समझते हैं।
  जैसे - श **+** ल **+** ग **+** म **=** शलगम

- **आओ पढ़ें –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कटहल | शलगम | हरकत | दशरथ |
| हलचल | खटमल | शरबत | कटहल |
| थरमस | अचकन | शबनम | पनघट |
| बचपन | झटपट | हलधर | हरदम |

- **वाक्य –**
  असलम अचकन पहन ।
  शबनम झटपट पनघट तक चल।
  खटखट मत कर।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

- **गिनती :**

1 - १ - (एक)

2 - २ - (दो)

3 - ३ - (तीन)

4 - ४ - (चार)

5 - ५ - (पाँच)

6 - ६ - (छह)

7 - ७ - (सात)

8 - ८ - (आठ)

9 - ९ - (नौ)

10 - १० - (दस)

- **अभ्यास कार्य :**

१. **पठित गद्यांश-**

शबनम बरतन पकड़।

असलम अचकन पहन।

शबनम पनघट तक चल।

यह शरबत चख।

क) उपरोक्त गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें।

शबनम **बरतन** पकड़।

**असलम** अचकन पहन।

शबनम पनघट तक **चल** ।

ख) तीन, चार वर्णों वाले शब्द लिखें।

**बरतन, पनघट, शरबत**

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

**२. खाली स्थान भरें।**

दश **र** थ

थ **र** मस

शल **ग** म

अ **च** क **न**

**३. समानलय वाले शब्द लिखें।**

क) बचपन - **पचपन**

ख) झटपट - **खटखट**

ग) खटमल- **कटहल**

**४. सजाकर लिखें।**

क) कसरस- **सरकस**

ख) खलमट- **खटमल**

ग) रकअद- **अदरक**

घ) शमलग- **शलगम**

EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

**५. सही मिलान करें।**

**'क'** **'ख'**

खरगोश




शलगम



खटमल



हलधर



६. **वर्णों को जोड़कर शब्द बनाएँ।**

क) श + ल + ग + म = **शलगम**

ख) ह + र + द + म = **हरदम**

ग) ह + ल + ध + र = **हलधर**

घ) स + र + क + स = **सरकस**

७. **शब्द विच्छेद करें।**

क) हरदम = **ह + र + द + म**

ख) सरकस = **स + र + क + स**

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow